गौरा रानी भोले के संग होली खेल रही

पर्वत ऊपर रंगों की बरसात हो रही,
गौरा रानी भोले के संग होली खेल रही.....

होली खेलन को ब्रह्मा जी आए,
ब्रह्माणी की चुनरी लाल लाल हो रही,
गौरा रानी भोले के संग होली खेल रही.....

होली खेलन को विष्णु जी आए,
लक्ष्मी जी की चुनरी लाल गुलाबी हो रही,
गौरा रानी भोले के संग होली खेल रही.....

होली खेलन को रामा जी आए,
सीता जी की चुनरी रंग केसरिया हो रही,
गौरा रानी भोले के संग होली खेल रही.....

होली खेलन को कान्हा जी आए,
राधा जी की चुनरी रंग बिरंगी हो रही,
गौरा रानी भोले के संग होली खेल रही.....

होली खेलन सारे भक्त भी आए,
चंदन का तिलक राधे कृष्णा हो रही,
गौरा रानी भोले के संग होली खेल रही.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31001/title/gaura-rani-bhole-ke-sang-holi-khel-rahi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |